भारतीय हॉकी संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

विस्तृत रिपोर्ट 07/11/2025

आज महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में भारतीय हॉकी संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया पहला मैच छात्राओं की टीम झांसी की रानी लक्ष्मी बाई एवं मदर टेरेसा के बीच प्रारंभ हुआ मैच का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पुरुषोत्तम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया इस मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम तीन एक से विजेता रही दूसरा मैच छात्रों की ओर से शिवाजी टीम एवं भगत सिंह टीम के बीच हुआ इस मैच में पेनल्टी स्ट्रोक से भगत सिंह टीमचार एक से विजेता रही इस मैच मे रेफरी का दायित्व घनश्याम जी शारीरिक शिक्षा प्रभारी गंगापुर इंटर कॉलेज तथा दूसरे निर्णायक अंगद प्रसाद यादव शारीरिक शिक्षा प्रभारी महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी रहे उद्घोषक के रूप में डॉ अखिला नन्द सिंह तथा स्कोरर अतुल कुमार यादव थे इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर उमेश प्रसाद डॉक्टर अभिषेक अग्निहोत्री, डॉक्टर अर्चना सिंह, डॉक्टर आशा सिंह, डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह,डॉक्टर ममता ,डॉक्टर रेनू, कुमारी कंचन वर्मा सहित सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

सवेरा न्यूज़ काशी न.1
खबर वह विज्ञापन, इंटरव्यू व स्टोरी के लिए संपर्क करें:- 9555709127
दिनांक
08/11/2025

हाकी संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर महिला पुरुष हाकी प्रतियोगिता जज्बे जुनून के साथ हुआ सम्पन्न...

रिपोट- एस के श्रीवास्तव विकास

वाराणसी/–महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में हॉकी संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे खिलाड़ियों ने जोश,जुनून,संघर्षों के साथ अपने कला का प्रदर्शन किया।पहला मैच छात्राओं की टीम झांसी की रानी लक्ष्मी बाई एवं मदर टेरेसा के बीच प्रारंभ हुआ। मैच का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पुरुषोत्तम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।इस मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम तीन एक से विजेता रही।दूसरा मैच छात्रों की ओर से शिवाजी टीम एवं भगत सिंह टीम के बीच हुआ इस मैच में पेनाल्टी स्ट्रोक से भगत सिंह टीम चार एक से विजेता रही।इस मैच मे रेफरी का दायित्व घनश्याम शारीरिक शिक्षा प्रभारी गंगापुर इंटर कॉलेज तथा दूसरे निर्णायक अंगद प्रसाद यादव शारीरिक शिक्षा प्रभारी महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी रहे।उद्घोषक के रूप में डॉ अखिला नन्द सिंह तथा स्कोरर अतुल कुमार यादव रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उमेश प्रसाद डॉ अभिषेक अग्निहोत्री,डॉ अर्चना सिंह,डॉ आशा सिंह,डॉ सत्य प्रकाश सिंह,डा ममता,डॉ रेनू,कुमारी कंचन वर्मा सहित अध्यापक एवं अध्यापिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

तूफान न्यूज़

Fri, 07 Nov 2025 www.toofannews.com

Fri,07 Nov 2025 LOGO Here वाराणसी।

महाराज बलवंत सिंह पी.जी. कॉलेज में हॉकी संघ की शताब्दी पर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

उपसंपादक: राकेश कुमार उपाध्याय

गंगापुर, वाराणसी।आज महाराज बलवंत सिंह पी.जी. कॉलेज गंगापुर, वाराणसी में हॉकी संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में खिलाड़ियों में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं शुभकामनाएं देते हुए किया गया। उद्घाटन मैच छात्राओं की टीमों झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं मदर टेरेसा टीम के बीच खेला गया। मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3–1 से विजय हासिल की। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ खेल भावना का परिचय दिया।वहीं दूसरा मैच छात्रों की ओर से शिवाजी टीम एवं भगत सिंह टीम के बीच खेला गया। मैच अत्यंत प्रतिस्पर्धी रहा और निर्णायक क्षणों में पेनल्टी स्ट्रोक से भगत सिंह टीम ने 4–1 से विजय प्राप्त की। मैदान में दर्शकों का जोश चरम पर रहा और छात्रों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस प्रतियोगिता में रेफरी का दायित्व गंगापुर इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रभारी घनश्याम जी ने निभाया, जबकि दूसरे निर्णायक के रूप में महाराज बलवंत सिंह पी.जी. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रभारी अंगद प्रसाद यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के उद्घोषक के रूप में डॉ. अखिला नन्द सिंह ने अपनी ऊर्जावान आवाज़ से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा, वहीं स्कोरर के रूप में अतुल कुमार यादव ने दायित्व का निर्वहन किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. आशा सिंह, डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, डॉ. ममता, डॉ. रेनू, कुमारी कंचन वर्मा सहित समस्त अध्यापकगण, अध्यापिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का विकास करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते रहने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।महाराज बलवंत सिंह पी.जी. कॉलेज का यह आयोजन हॉकी खेल को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ, जिसने खेल भावना के साथ शताब्दी वर्ष को गौरवपूर्ण बना दिया।